# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024






इस कदम को माना जा रहा इसरो के वैश्विक मिशन की शुरुआत का प्रतीक

# इसरो ने रचा कीर्तिमान, यूरोपीय एजेंसी का मिशन सफलतापूर्वक प्रक्षेपित

## श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी59 रॉकेट से लॉन्चिंग

*भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी59 रॉकेट लॉन्च किया। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को लेकर इसने शाम 4.04 बजे उड़ान भरी। इसरो इस मिशन को बुधवार की शाम 4 बजकर 8 मिनट पर लॉन्च करने वाला था, लेकिन प्रोपल्शन सिस्टम में आई खराबी के कारण इसकी लॉन्चिंग को एक दिन के लिए टाल दिया गया था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए स्पेस एजेंसी ने कहा, पीएसएलवी- सी59 सफलतापूर्वक आसमान में उड़ गया। यह यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अभूतपूर्व प्रोबा-3 उपग्रहों को तैनात करने के लिए इसरो की तकनीकी विशेषज्ञता के साथ एमएसआईएल के नेतृत्व में एक वैश्विक मिशन की शुरुआत का प्रतीक है। यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग और भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के तालमेल का जश्न मनाने वाला पल है।

### 1,778 करोड़ का आया है खर्च

प्रोबा-3, यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसओ) के प्रोबा सीरीज का तीसरा सोलर मिशन है। खास बात ये है कि प्रोबा सीरीज के पहले मिशन को भी इसरो ने ही 2001 में लॉन्च किया था। प्रोबा-3 मिशन के लिए स्पेन, बेल्जियम, पोलैंड, इटली और स्विट्जरलैंड की टीमों ने काम किया है। इस पर करीब 20 करोड़ यूरो (करीब 1,778 करोड़ रुपये) का खर्च आया है।



### यह है प्रोबा-3 मिशन

प्रोबा-3 (प्रोजेक्ट फॉर ऑनबोर्ड आटोनॉमी) यान में एक डबल-सैटेलाइट शामिल है, जिसमें दो अंतरिक्ष यान सूर्य के बाहरी वायुमंडल के अध्ययन के लिए एक यान की तरह उड़ान भरेंगे। इसरो ने कहा कि 'प्रोबास' एक लातिन शब्द है, जिसका अर्थ है 'चलो प्रयास करें'। इसरो ने कहा कि मिशन का उद्देश्य सटीक संरचना उड़ान का प्रदर्शन करना है और दो अंतरिक्ष यान - कोरोनाग्राफ और ऑकुल्टर को एकसाथ प्रक्षेपित किया जाएगा।

### सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेगा प्रोबा-3

*प्रोबा-3 मिशन के जरिए वैज्ञानिक सूर्य के अंदरूनी और बाहरी कोरोना के बीच बने काले घेरे का अध्ययन करेंगे। सूर्य के कोरोना का तापमान 20 लाख डिग्री फेरनहाइट तक जाता है। किसी उपकरण की मदद से इसका अध्ययन करना मुमकिन नहीं होता है। प्रोबा-3 के दो सैटेलाइट कोरोनाग्राफ (310 किग्रा) और ऑकल्टर (240 किग्रा) मिलकर सूर्यग्रहण की नकल बनाएंगे। इससे सूर्य से निकलने वाली तीव्र रोशनी को रोका जा सकेगा और ऐसा करने से सूर्य के कोरोना का अध्ययन करना भी आसान हो जाएगा। वैज्ञानिक पता लगाएंगे कि आखिर सूर्य के कोरोना का तापमान उसकी सतह से इतना अधिक क्यों होता है।*

## खबर संक्षेप

### 'संभल, बांग्लादेश में हिंसा करने वालों का डीएनए एक'



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल हिंसा पर बड़ा बयान दिया। गुरुवार को अयोध्या में उन्होंने रामायण मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि संभल, अयोध्या और बांग्लादेश में हिंसा करने वालों का डीएनए एक ही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा,'याद करो 500 साल पहले बाबर के आदमी ने अयोध्या कुंभ में क्या किया था। संभल में भी यही हुआ था और बांग्लादेश में भी वही हो रहा है। तीनों की प्रकृति और उनका डीएनए एक ही है।

### उन्नाव रेप कांड : सेंगर को मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** उन्नाव में नाबालिग से दुष्कर्म और पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में सजायाफ्ता पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट ने चिकित्सा आधार पर दो सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह व न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कुलदीप सिंह की सजा को इस बीच सजा निलंबित करते हुए निर्देश दिया कि प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए उन्हें एम्स में भर्ती कराया जाए।

### नीरज बवाना गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो खतरनाक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जो नीरज बवानिया (नीरज बवाना) गैंग से जुड़े हुए हैं। आरोपियों की पहचान राकेश उर्फ जट्टी (48 वर्ष) और अखिल उर्फ माया (28 वर्ष) के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपियों से तीन देसी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी से एक बड़ी हत्या की साजिश को विफल किया गया है।

## राहुल, प्रियंका खास जैकेट पहन पहुंचे संसद, लिखा था- 'मोदी-अदाणी एक हैं'

# अदाणी मुद्दे पर विपक्ष ने किया काली जैकेट पहनकर प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अदाणी मुद्दे पर विरोध की एक अनूठी शैली में, कांग्रेस सहित विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को संसद में ' मोदी अदाणी एक हैं ' नारे लिखी जैकेट पहनकर प्रदर्शन किया। मोदी-अदाणी नारे लिखी काली हाफ जैकेट पहने हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनकी सांसद बहन प्रियंका सहित विपक्षी सांसद संसद परिसर में जुटे और प्रतीकात्मक विरोध जताया। इस दौरान, राहुल ने कहा, 'पीएम मोदी, अदाणी की जांच नहीं करा सकते क्योंकि अगर वह ऐसा करते हैं, तो वह खुद कीही जांच करा रहे होंगे...मोदी और अदाणी एक हैं। दो नहीं हैं, एक हैं।' बता दें,अदाणी समूह पर अमेरिकी अभियोजकों ने रिश्वतखोरी के आरोप लगाए हैं।



इस प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुई टीएमसी-सपा

### उठाई थी संसदीय जांच की मांग

बुधवार को भी कई भारतीय ब्लॉक पार्टियों के नेताओं ने अदाणी अभियोग मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और मामले की संयुक्त संसदीय जांच की मांग की थी। कांग्रेस, आप, आरजेडी, शिवसेना (यूबीटी), डीएमके और वामपंथी दलों के सांसदों ने अपनी मांग के पक्ष में नारे लगाए थे। इस दौरान विपक्ष के सांसद संसद के मकर द्वार पर'मोदी-अदाणी एक हैं' लिखे बैनर पकड़े रहे। टीएमसी ने विपक्ष के विरोध प्रदर्शन से दूरी बनाए रखी है।

### लोकसभा सचिवालय ने कही ये बात

लोकसभा सचिवालय ने मंगलवार को एक परामर्श जारी कर सांसदों से संसद के द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन न करने का आग्रह किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह की आवाजाही में बाधा डालने से उनकी सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले महीने कहा था कि अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए. अदाणी समूह ने सभी आरोपों को'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है।

### सपा-टीएमसी की प्रदर्शन से दूरी

*अदाणी के खिलाफ जांच की मांग को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन से सपा और टीएमसी ने दूरी बना ली है। इस प्रदर्शन में सपा और टीएमसी के सांसद शामिल नही हुए। सपा टीएमसी की मांग है कि अदाणी के अलावा अन्य मुद्दों पर भी बात होनी चाहिए जबकि कांग्रेस की प्राथमिकता में सिर्फ अदाणी मामला है। इसे लेकर विपक्ष में मतभेद है।*

### अखिलेश को पता चल गई है कांग्रेस की मानसिकता

सपा-टीएमसी के प्रदर्शन में शामिल नहीं होने पर बीजेपी ने इस इंडिया गठबंधन में फूट बताया है। अडाणी मुद्दे पर विपक्ष के प्रदर्शन को लेकर गोरखपुर से भाजपा रवि किशन ने कहा कि ये लोग काली जैकेट पहनकर सदन में उल्टे लटक जाएं, दीवार पर चढ़ जाएं, पेड़ पर लटक जाएं, इससे कुछ नहीं होगा। ये लोग हरियाणा हार चुके हैं, महाराष्ट्र में ऐतिहासिक हार हुई है। आने वाले समय में हर जगह हारते जाएंगे। ये जो जैकेट पहनकर प्रदर्शन कर रहे हैं, ये उसी हार की पीड़ा है। अखिलेश जी को यहां बैठाकर संभल के लिए निकल गए। अब अखिलेश जी को पता चला कि इन लोगों की मानसिकता क्या है।

### विपक्ष सरकार गिराने की कोशिश कर रहा : निशिकांत

सत्र के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के बीच तीखी बहस हुई। दुबे ने आरोप लगाए कि विपक्ष सरकार गिराने की लगातार कोशिशें कर रहा है। निशिकांत ने राहुल से पूछा कि क्या आप खालिस्तान समर्थकों और कश्मीर का विभाजन चाहने वालों से नहीं मिले? असम से सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि भाजपा झूठ बोल रही है। वे संसद नहीं चलाना चाहते। राहुल गांधी देश में शांति कायम करना चाहते हैं। पीएम मोदी ने जिस तरीके से मणिपुर में आग लगाई, वैसे ही संभल में आग लगाना चाहते हैं। राहुल गांधी को संभल जाने से रोका गया।

## सुप्रीम कोर्ट में प्रदूषण मामले पर सुनवाई

# दिल्ली सरकार को फटकार पूछा- क्या मजदूर भूखे मरें?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को दिल्ली प्रदूषण मामले पर सुनवाई हुई। अदालत ने इस दौरान दिल्ली सरकार को जमकर फटकार लगाई। मजदूरों को राहत राशि देने में देरी पर नाराजगी होकर कोर्ट ने सरकार से पूछा,'क्या मजदूर भूखे मरें?' बता दें कि सरकार की ओर से 90,000 मजदूरों को हर एक मजदूर को 8,000 रुपए का मुआवजा दिया जाना था, लेकिन मजदूरों को प्रति व्यक्ति 2,000 रुपए ही दिए गए। दिल्ली सरकार ने कोर्ट के सामने कल तक बचे हुए 6,000 रुपए का भुगतान करने का वादा किया। अदालत ने चेतावनी दी कि अगर आदेश का पालन नहीं हुआ तो दिल्ली सरकार के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने बताया कि पोर्टल पर 90,693 मजदूर रजिस्टर्ड हैं। कोर्ट ने पूछा, जो रजिस्टर्ड नहीं हैं, उनका क्या होगा? सरकार ने कहा कि 35 मजदूर यूनियनों को सूचना दी गई है। अदालत ने पिछले आदेशों का पालन न करने पर नाराजगी जताई। मजदूरों को राहत पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया गया। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से गैर-रजिस्टर्ड मजदूरों को भी मुआवजा देने का निर्देश दिया।



### दिल्ली की हवा में सुधार, ग्रैप-4 के नियमों में ढील

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गंभीर वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए वर्तमान में लागू प्रतिबंधों में ढील देने की अनुमति दे दी है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने प्राधिकारियों को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण चार से चरण दो तक जाने की अनुमति दे दी। हालांकि, कोर्ट ने सीएक्यूएम को चरण तीन से अतिरिक्त उपाय लागू करने को भी कहा। कोर्ट ने कहा कि हमने 18 नवंबर से 4 दिसंबर तक के एक्यूआई के आंकड़ों का अध्ययन किया है। 30 नवंबर तक यह लगातार 300 से ऊपर था और केवल पिछले 4 दिनों के दौरान यह स्तर 300 से नीचे आया है।

# बादल पर हमले से एक दिन पहले एसपी ने मिलाया था हमलावर से हाथ

## अकाली नेता मजीठिया का बड़ा आरोप सीसीटीवी फुटेज किया जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल पर हमले के मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। अब अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने दावा किया है कि सुखबीर बादल पर हमला करने वाले नारायण सिंह चौड़ा के साथ श्री हरमंदिर साहिब परिसर में ही एसपी हरपाल सिंह ने मुलाकात की है। मजीठिया ने एसजीपीसी की ओर से जारी एक सीसीटीवी फुटेज को लेकर दावा किया है कि चौड़ा पिछले तीन दिनों से श्री हरमंदिर साहिब परिसर व आसपास घूम रहा था। इस दौरान एसपी हरपाल सिंह ने घटना के एक दिन पहले चौड़ा से हाथ मिलाया था जो सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने मांग की है यह जांच होनी चाहिए कि क्या पुलिस ने ही इस हमले की कोई साजिश तो नहीं रची। इस सारे मामले की जांच होनी चाहिए और सच सामने आना चाहिए।



### बुधवार सुबह हुई थी हमले की कोशिश

बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे सुखबीर सिंह बादल घंटाघर की तरफ श्री हरमंदिर साहिब के गेट के पास मौजूद थे। इसी दौरान एक शख्स आया और उसने पिस्तौल से गोली चला दी। हरकत में आते हुए सुखबीर के सुरक्षाकर्मियों ने उसका हाथ ऊपर कर दिया जिससे गोली हवा में चल गई। इसके तुरंत बाद सुरक्षा कर्मियों ने सुखबीर सिंह बादल को घेरा डाल लिया और आरोपी को भी पकड़ लिया। फिलहाल आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है और मामले की जांच की जा रही है। गेट पर दूसरी तरफ सुखदेव सिंह ढींडसा भी तैनात थे। वहीं दरबार साहिब में गोली चलने की आवाज से संगत में दहशत का माहौल पैदा हो गया।

# संभल हिंसा : चौराहों पर आरोपियों के लगेंगे पोस्टर

**लखनऊ।** संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल आरोपियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे। अब तक 400 से अधिक लोगों की पहचान की गई है। इसमें से 32 को गिरफ्तार किया गया है। पोस्टर में गिरफ्तार लोगों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। डीएम के मुताबिक पोस्टर का डिजाइन तैयार किया जा रहा है। इसे जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। शांति समिति की बैठक में तय किया जाएगा कि कितने लोगों के पोस्टर लगाए जाएंगे। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा के दौरान पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। प्रशासन का कहना है कि यह कदम कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और इलाके में शांति बनाए रखने के लिए उठाया जा रहा है।

- 400 से अधिक चिह्नित, 2750 लोगों के खिलाफ केस



### दो बवाली गिरफ्तार, पूछताछ के बाद जेल भेजा

पुलिस ने संभल में बवाल में शामिल दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें से दोनों आरोपी बवाल के दौरान घायल हो गए थे। दोनों का उपचार चल रहा था। सेहत में सुधार होने पर पुलिस ने पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया है। अभी एक और आरोपी का उपचार चल रहा है। उसकी हालत में सुधार होने पर न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संभल कोतवाली पुलिस ने नखासा थाना क्षेत्र के शहबाजपुरा निवासी अजीम और बड़ा बाजार निवासी हसन बवाल में शामिल थे।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

## वीडियो जारी कर बताई आपबीती, फेक इवेंट के बहाने बुलाया गया था

# कॉमेडियन पॉल हुए किडनैप फिरौती देकर हुई रिहाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई



कॉमेडियन सुनील पाल का अपहरण हो गया था। अपहरण के बाद सकुशल घर वापस आ चुके हैं। खुद सुनील ने वीडियो जारी कर अपने सही-सलामत होने की खबर दी। उन्होंने बताया, फेक शो के बहाने बुलाकर अपहरणकर्ताओं ने साजिश को अंजाम दिया गया। दो दिसंबर को एक रैंडम कॉल के जरिये बर्थडे पार्टी इवेंट के लिए दिल्ली बुलाया गया था। इवेंट हरिद्वार में बताया गया। इसके लिए एडवांस रकम भी दी गई और टिकट भी बुक कराया। इसके बाद, दिल्ली पहुंचने पर अपहरण कर लिया गया। इसके बाद फिरौती में लाखों रुपये की डिमांड की गई।

### हमारे पार चाकू, बंदूक है

कॉमेडियन का कहना है कि दिल्ली में वे कार से जा रहे थे। उन्हें दवा लेनी थी, इसके लिए गाड़ी रोकी गई। इसी दौरान उनका अपहरण कर लिया गया और दूसरी कार में बिठाकर आंखों पर पट्टी बांध दी गई। कॉमेडियन से कहा गया कि 'आप किडनैप हो गए हैं। करीब डेढ़ घंटे की ड्राइव के बाद उन्हें एक जगह ले जाया गया। आंखों से पट्टी हटाई तो सात-आठ लोग सामने खड़े थे उन्होंने 20 लाख रुपये फिरौती के मांगे गए। सुनील के 10 लाख रुपये देने की बात कहने पर अपहरणकर्ता राजी हुए। इसके बाद सुनील ने दोस्तों से कहकर पैसे मंगवाए। पैसे मिलने पर किडनैपर्स ने कहा कि आपको छोड़ देते हैं। साथ ही कहा, 'हमने आपके आने की फ्लाइट कराई थी, जाने की भी कराएंगे।' इस तरह कॉमेडियन को 20 हजार रुपये देकर भेजा गया। इस तरह कॉमेडियन मुंबई वापस पहुंचे।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024






## खबर संक्षेप

### न्यायमूर्ति मनमोहन बने सुप्रीम कोर्ट ने जज



**नई दिल्ली।** सीजेआई संजीव खन्ना ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान न्यायमूर्ति मनमोहन को पद की शपथ दिलाई गई। न्यायमूर्ति मनमोहन के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है जिसमें प्रधान न्यायाधीश भी शामिल हैं।

### ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत



**ठाणे।** ठाणे जिले में लंबी दूरी की एक ट्रेन की चपेट में आने से 19 वर्षीय एक युवक और 17 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। दो दिसंबर की सुबह मुंबई-कोंकण मार्ग पर दिवा और नीलाजे स्टेशन के बीच दो लोगों को पटरी पार करते समय मंडोवी एक्सप्रेस ट्रेन ने कुचल दिया। उनके शव रेल की पटरियों के पास पड़े मिले और वह दोनों दिवा के दातिवली आगासन इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क दुर्घटनाओं में 1.68 लाख की मौत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद देश में सड़क हादसों में एक साल के भीतर 1.68 लाख लोगों की मौत हुई। मरने वालों में 60 प्रतिशत युवा थे। उन्होंने सदन में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि यह स्थिति दुखद है। इसे रोकने के लिए समाज को भी सहयोग करना होगा।

# अमित शाह 13 नहीं, अब 15 को आएंगे बस्तर, 16 को रायपुर में लेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अब छत्तीसगढ़ के दौरे पर 13 नहीं, बल्कि 15 दिसंबर को आएंगे। वे रायपुर आने के बाद बस्तर जाएंगे। वहां पर बस्तर ओलंपिक और पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान नक्सल मामलों की जानकारी भी लेंगे। अगले दिन 16 दिसंबर को उनका रायपुर का कार्यक्रम है। यहां पर वे बैठक लेंगे। खबर है, 16 की रात तक वे वापस लौट जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव ने एक दिन पहले ही उनके दिल्ली में मुलाकात करके छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया है। यहां यह बताना लाजिमी है कि श्री शाह ने छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को दो साल में हर हाल में समाप्त करने का ऐलान किया है। इसके बाद से ही लगातार नक्सलियों के खिलाफ प्रदेश सरकार एक्शन ले रही है। पिछले छत्तीसगढ़ प्रवास में ही केंद्रीय मंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ रायपुर में बड़ी रणनीति बनाई थी। अब फिर से उनका दौरा हो रहा है। इस दौरे में वे रायपुर में होने वाली बैठक में नक्सलवाद को लेकर चर्चा करेंगे।


श्री शाह अपने छत्तीसगढ़ प्रवास में मुख्य रूप से बस्तर के दौरे पर रहेंगे। वहां पर जहां बस्तर ओलंपिक के कार्यक्रम में शामिल होंगे, वहीं वे पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। दिल्ली दौरे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ▶▶| शेष पेज 2 पर

## बस्तर ओलंपिक के साथ पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में भी शामिल होंगे केंद्रीय गृहमंत्री

### नक्सलियों के खिलाफ एक्शन की दी जानकारी

मुख्यमंत्री साय ने दिल्ली में श्री शाह से मुलाकात के दौरान राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों की हालिया उपलब्धियों और बस्तर संभाग में चलाए जा रहे विकास कार्यों से केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया, सरकार द्वारा सड़कों, स्कूलों, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के लिए किए गए प्रयासों ने स्थानीय जनता का भरोसा जीता है, जिससे माओवादी प्रभाव कमजोर हुआ है।






### बस्तर ओलंपिक से कराया अवगत

मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री को बस्तर ओलंपिक के महत्व और राज्य में इसके प्रभावों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया, यह आयोजन युवाओं को खेलों के माध्यम से जोड़ते हुए शांति और विकास की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। अब तक इस ओलंपिक में 1.65 लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया, बस्तर ओलंपिक में हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी और वालीबॉल समेत 11 पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है, जो युवाओं को एकजुटता, सकारात्मकता और सामुदायिक भावना से जोड़ने का काम कर रहे हैं। आयोजन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की एक नई लहर का प्रतीक है।

# राज्य की आधी सोसाइटियों में धान जाम कहीं-कहीं खरीदी बंद करने के हालात

## मिलर्स से अनुबंध नहीं, इसलिए बनी ऐसी स्थिति 26 लाख मीट्रिक टन धान की हो चुकी खरीदी



### मिलर्स ने नहीं उठाया एक दाना

इस बार प्रदेश स्तर पर मिलिंग में कुछ बदलाव किए गए थे। जिससे नाराज होकर प्रदेशभर में राइस मिलर्स ने उठाव करने से इंकार कर दिया था। मिलर्स के असहयोग आंदोलन की वजह से परिवहन के लिए मिलर अनुबंध भी नहीं हो पाए। स्थिति यह है कि अब तक प्रदेशभर में कहीं भी किसी मिलर्स द्वारा एक दाना धान का भी उठाव उपार्जन केंद्र से नहीं किया गया है। जिसके चलते भी स्थिति विकराल होती जा रही है।

### मायूस लौट रहे किसान

प्रदेशभर में 27 लाख से अधिक किसानों से खरीदी के लिए सरकार ने 2739 उपार्जन केंद्र बनाए हैं। इनमें से उठाव नहीं होने के कारण 50.68 फीसदी यानि 1388 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक खरीदी हो चुकी है। कुछ केंद्र तो ऐसे भी हैं, जहां बफर लिमिट से तीन गुना तक खरीदी हो जाने के चलते नई खरीदी तक थम गई है। ऐसे में उठाव की रफ्तार तेज नहीं होने तक प्रदेशभर में यही हाल रहने की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

धान के कटोरे के रूप में देशभर में पहचान रखने वाले छत्तीसगढ़ में इस बार की धान खरीदी शुरुआती दिनों में ही सुस्त उठाव के कारण पटरी छोड़ती नजर आ रही है। खरीदी शुरू हुए 21 दिन बीतने के बाद हालत यह है कि प्रदेशभर में महज तीन फीसदी ही धान का उठाव हो पाया है, जबकि 26 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी प्रदेशभर में हो चुकी है। ऐसे में आधे से अधिक उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। सबसे बुरा हाल दुर्ग संभाग का है, जहां सैकड़ों की संख्या में केंद्र नई खरीदी करने में भी असक्षम हो गए हैं। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### 20 फीसदी किसानों ने बेचा धान

*प्रदेशभर में इस बार धान बेचने के लिए 27.77 लाख किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जबकि 4 दिसंबर की अवधि तक 5.52 लाख यानि लगभग 19.89 फीसदी किसानों ने अपनी उपज सरकार को बेच दी है। इन किसानों से 26.24 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। मिली जानकारी के अनुसार खरीदी के एवज में अब तक 2.94 फीसदी धान का ही उठाव उपार्जन केंद्र से हुआ है, जिसे संग्रहण केंद्रों में भेजा गया है।*



## मिलर्स से बातचीत के बाद भी अनुबंध नहीं, अब तक केवल 70 से ही एग्रीमेंट

*छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार और राइस मिलर्स एसोसिएशन के बीच वार्ता हो जाने के बाद भी क्या मिलरों की नाराजगी दूर नहीं हो पाई है? ये सवाल इसलिए कि राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध के काम में भारी सुस्ती नजर आ रही है। हालत ये है कि अब तक राज्य में मिलिंग के लिए मात्र 70 अनुबंध ही हो पाए हैं। दूसरी ओर खरीदी केंद्रों से धान का उठाव बेहद कम होने के कारण धान का ढेर लगता जा रहा है।* ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कई जिलों में अनुबंध का विरोध

*राइस मिलिंग कारोबार से जुड़े व्यापारियों के अनुसार इस समय कई जिलों में मिलर मीटिंग कर अनुबंध के विरोध के लिए बैठकें कर रहे हैं। बताया गया है कि विरोध जताने के लिए मिलरों के कांकेर जिला एसोसिएशन,* ▶▶| शेष पेज 2 पर

## झिड़पल्ली-2 कैंप पर हमला, जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**मुठभेड़ के दौरान कैंप में थे एसपी**

बीजापुर- तेलंगाना पर स्थित धुर नक्सल प्रभावित पामेड़ थाना क्षेत्र के झिडपल्ली पुलिस कैंप में नक्सलियों ने गुरुवार की शाम को हमला किया। हमला नक्सलियों ने शाम लगभग 7.30 बजे हमला किया। रात 10.30 बजे दोनों ओर फायरिंग होती रही। इस दौरान एक जवान के घायल होने की खबर आ रही है। हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हमले के दौरान बीजापुर एसपी के भी कैंप में मौजूद होने की जानकारी मिली है।

सूत्रों के मुताबिक दो दिन पहले ही झिड़पल्ली-2 में नया पुलिस कैंप खोला गया था, जिसका नक्सलियों द्वारा विरोध किया ▶▶| शेष पेज 2 पर

### स्थिति नियंत्रण में : आईजी

आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने देर रात को बताया कि अब स्थिति नियंत्रण में है। एक जवान के नक्सली हमले में घायल होने की जानकारी मिली थी। उसकी हालात खतरे से बाहर है। दो दिन पहले नक्सलियों के कोर एरिया में कैंप खोला गया, जिससे वे बौखला गए हैं और हमला किया। कैंप के जवानों ने भी डटकर मुकाबला किया और जवाबी फायरिंग की।

**एक ही रात में दो पूर्व सरपंचों की हत्या**

## बेटी की गुहार काम नहीं आई, पिता को नक्सलियों ने उतारा मौत के घाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर जिले के दो अलग थाना क्षेत्रों में दो पूर्व सरपंचों को अगवा कर नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया है। शव के करीब मिले पर्चे में भाजपा से जुड़े होने का आरोप लगाते हुए हत्या करने की बात लिखी है। पूर्व सरपंचों की हत्या के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि पूर्व सरपंच सुकलु की बेटी ने अपने पिता को छोड़ने की गुहार की थी, लेकिन उसकी फरियाद नहीं सुनी गई। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### एक की मुर्गा बाजार से, दूसरे को पत्नी के सामने किया अगवा

जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने 2 नवंबर को बिरयाभूमि के पूर्व सरपंच सुकलू फरसा को उस समय अपहरण किया, जब वह अपनी भतीजी के अंतिम संस्कार से लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आदवाड़ा के नजदीक पत्नी के सामने से उसका अपहरण कर पत्नी को जाने दिया था। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### बेटी व परिजन छोड़ने की करते रहे अपील

अगवा किए जाने के दो दिन बाद भी वापस घर नहीं लौटने पर पूर्व सरपंच सुकलु के परिजनों ने मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें रिहा करने की अपील नक्सलियों से करते रहे लेकिन नक्सलियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। पूर्व सरपंच की बेटी ▶▶| शेष पेज 2 पर

*दुकानों में पहुंचा हरिभूमि, 300 रुपए में नंबर प्लेट लगाने का सौदा, अफसर बोले-जेल हो सकती है*

## पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, एजेंसी का काम शुरू नहीं, पर फर्जी प्लेटें खुलेआम बिक रहीं

गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

2019 के पहले की गाड़ियों के नंबर बदले जाएंगे। नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य है और इसके लिए तीन कंपनियां भी तय हो चुकी हैं। इन कंपनियों का काम भले ही शुरू नहीं हुआ हो, पर शहर में फर्जी प्लेटों का धंधा चल निकला है। गुरुवार को हरिभूमि ने नंबर प्लेट लगाने वाली कई दुकानों में सौदेबाजी की। कई जगह 300 रुपए में दुकानदार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने तैयार हो गए। उन्होंने यह भी दावा कि नई नंबर प्लेट निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है। दस्तावेज की जरूरत पूछे जाने पर दुकान संचालकों ने बगैर दस्तावेज के नंबर प्लेट लगाए जाने की बात कही।

अनाधिकृत लोगों द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाए जाने के सवाल पर अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। अफसर के अनुसार अनाधिकृत ▶▶| शेष पेज 2 पर





### कार्रवाई करने की जरूरत

रोसमेर्टा के नेशनल ऑपरेशनल हेड अशोक शर्मा के मुताबिक नंबर प्लेट लगाने का काम करने वाला अगर कोई दुकानदार एचएसआरपी लगाने का दावा करता है, तो वह पूरी तरह से गलत है। ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर परिवहन विभाग के अफसरों को कार्रवाई करनी चाहिए। कंपनी के अफसर के मुताबिक नकली एचएसआरपी लगाने वालों के खिलाफ जबलपुर, भोपाल तथा होशंगाबाद में पिछले दिनों कार्रवाई की गई है।

### नकली को ऐसे पहचानें

नकली एचएसआरपी में क्रोमियम आधारित होलोग्राम नहीं होता। इसके साथ ही स्थायी पहचान संख्या नहीं होती। नंबर प्लेट रेट्रो रिफ्लेक्टिव शीट होने की वजह से दो सौ मीटर दूर से नंबर प्लेट नजर आएगी, जो आसानी से कैमरे में कैद हो सकती है। इसके साथ ही ओरिजनल एचएसआरपी को लगाने फ्लैप का उपयोग किया जाता है, जो स्थायी रूप से वाहन में चिपक जाता है, जबकि नकली एचएसआरपी को नट बोल्ट से कसा जाता है।

### फर्जी एचएसआरपी लगाने वालों से बातचीत

**लाखेनगर इलाके का दुकानदार**

- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना है

दुकानदार- लग जाएगा

- कितना लगेगा

दुकानदार- साढ़े तीन सौ

- कीमत को लेकर मोलभाव करने पर

दुकानदार- दो सौ चालीस रुपए दे देना

- दस्तावेज में क्या लगेगा

दुकानदार- आरसी बुक, गाड़ी के कागजात

- अभी दोनों नहीं है

दुकानदार- बाद में दे देना अभी नंबर प्लेट लगा देता हूं

**पचपेड़ी नाका इलाके का दुकानदार**

- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना है

दुकानदार- लग जाएगा

- क्या कागजात लगेंगे

दुकानदार- कुछ नहीं लगेगा

- कितना लगेगा

दुकानदार- 280 रुपए

- कुछ कम हो सकता है

दुकानदार- इससे कम नहीं होगा

- पेमेंट अभी देना पड़ेगा

दुकानदार-आधा पैसा अभी दे दे, बाकी नंबर प्लेट आने के बाद देना

▶▶| शेष पेज 2 पर




I.D. No. MP1934-4/27/09/27/224

## चिंतन

# वायु प्रदूषण से मुक्ति के लिए सख्ती आवश्यक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को लेकर सख्ती में राहत ठीक है, लेकिन पॉल्यूशन से मुक्ति भी जरूरी है। दिल्ली में प्रदूषण की खतरनाक स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष कोर्ट दिल्ली में ग्रेप-4 (जीआरएपी) पाबंदियों में ढील दे दी है, यह ढील मानवीय आधार पर दी है कि मजदूरों को काम मिलने में कठिनाई न हो। इसी के साथ अदालत ने हिदायत भी दी है कि अगर प्रदूषण का स्तर बढ़ा तो सख्ती बढ़ा दी जाएगी। हालांकि कोर्ट ने कहा है कि पाबंदियां ग्रैप 2 से नीचे नहीं जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि आगे और मॉनिटरिंग की जरूरत है। अभी हम कमीशन को ग्रैप 2 लागू करने की इजाजत देते हैं। बेहतर होगा कि कमीशन ग्रैप 3 की भी कुछ जरूरी पाबंदियों को लगाए रखें। हिदायत दी कि अगर कभी भी एक्यूआई 350 के पार जाता है तो तुरंत ग्रैप-3 की पाबंदियां लगाई जाएं। ऐसे ही 400 पार जाने पर ग्रैप-4 की पाबंदियां फिर से लगाई जाएंगी। दरअसल, कमेटी फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएन) ने बताया कि दिल्ली की हवा में प्रदूषण कम हुआ है। इसलिए अब हमें ग्रैप की पाबंदियां कम करने की जरूरत है। एक तरफ जहां दिल्ली में हवा दमघोंटू है, वहीं यहां जमकर राजनीति भी होती रही है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं। लेकिन ईमानदारी से किसी भी सरकार ने दिल्ली के प्रदूषण को कम करने की दिशा में पर्याप्त काम नहीं किया है। अदालत और नियामक एनजीटी की सख्ती के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी की आबोहवा नहीं सुधरी है। सरकारी लापरवाही और हीलाहवाली के चलते जहरीली होती हवा से आम लोग पीड़ित हो रहे हैं, सांस के रोगों के मरीज बढ़ रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने मजदूरों को हर्जाने के मुद्दे पर चार राज्यों की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता जाहिर की। प्रावधान किया गया था कि ग्रैप-4 पाबंदिया लागू रहने के दौरान करीब 90 हजार मजदूरों को हर्जाने के तौर पर आठ हजार रुपये प्रति मजदूर देने की बात कही गई थी, राज्यों ने केवल दो हजार रुपये ही दिए। कोर्ट ने राज्यों के लिए सख्त टिप्पणी की कि 'क्या आप मजदूरों को भूखा रखना चाहते हैं?' सरकारों को मजदूरों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और अदालत के निर्देश का समय से पालन करना चाहिए। दिल्ली व एनसीआर में प्रदूषण लोगों पर विपरीत असर डाल रहा है। लोग शारीरिक के साथ मानसिक रूप से भी प्रभावित हो रहे हैं। दिवाली के आसपास वायु प्रदूषण के स्तर का बढ़ना कोई नई बात नहीं है, लेकिन समय रहते सरकारें पर्याप्त कदम नहीं उठाती हैं, सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी की सख्ती के बाद ही वे जागती हैं और हाथ-पैर मारती दिखती हैं। एक तरफ भारत पेरिस क्लाइमेट करार का हिस्सा है और कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रति प्रतिबद्ध है, दूसरी तरफ वह अपनी राजधानी में भी वायु प्रदूषण कम नहीं कर पा रहा है। यहां प्रदूषण कम करने के लिए अनेक नीतिगत उपाय करने होंगे। आबादी अनुपात संतुलन, हरितकरण, जहरीले गैस उत्सर्जन वाले उद्योगों को बाहर करने, इलेक्ट्रिकल पब्लिक ट्रांसपोर्ट व इलेक्ट्रिक कार को बढ़ावा देने, हाइड्रोजन ईंधन चालित वाहन को प्रयोग में लाने, एसी के बजाय कूलर के प्रयोग को प्रोत्साहित करने, सौर बिजली को अधिक से अधिक अपनाने जैसे अनेक उपाय करने होंगे। दिल्ली सरकार, स्थानीय निकाय व प्रशासन और केंद्र सरकार मिलकर काम करें, राजनीतिक मतभेद के चलते जनता को तकलीफ में नहीं डालें। स्वच्छ और हरित राष्ट्रीय राजधानी लक्ष्य होना चाहिए।

# डॉ. आंबेडकर के भारत की खोज



दिवस विशेष

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

भारत के लोगों के लिए जीवन देने वाले डॉ. आंबेडकर का एकांत उन्हें पुस्तक, कलम और चिंतन के साथ जोड़े रखा, इसका प्रमाण तो 'बुद्ध एंड हिज धम्म' की प्रस्तावना को बार-बार परिवर्तन करने की उनकी कोशिश से समझा जा सकता है। 06 दिसंबर उनके जीवन के महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में जाना जाता है। वे जिस लोकतांत्रिक गणराज्य की खोज कर रहे थे वह अद्भुत था। उनका मानना था कि हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना होगा। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक टिक नहीं सकता जब तक उसके मूल में सामाजिक लोकतंत्र न हो। सामाजिक लोकतंत्र वह जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को जीवन के सिद्धांतों के रूप में मान्यता देता है।

डॉ. आंबेडकर ने जीवन की आखिरी रात भी देश की चिंता करते हुए खत्म की थी। अपने जीवन के उत्तरार्ध को उन्होंने बुद्ध धर्म में बिताया। पुस्तक, कलम और दिमाग की दोस्ती डॉ. आंबेडकर की अपनी रुचि के विषय थे। सशरीर जीवन भर अपने त्याग, परिश्रम, सृजन के लिए डॉ. आंबेडकर जाने जाते हैं। कर्त्तव्यपरायणता और अपने लक्ष्य की प्राप्ति की धुन कैसी हो, इसे उनसे कोई सीखे। आमजन के डॉ. आंबेडकर, आमजन की चिंता में मग्न डॉ. आंबेडकर की दृष्टि लौकिक जगत के लिए इसीलिए आज आदर के साथ स्मरण की जाती है क्योंकि उन्होंने सदा ऐसे तबके की आवाज़ बनने की कोशिश की जिनका सहारा कदाचित कोई था। अंतिम दिनों में उनके कुछ विशेष जीवन से जुड़े लोग जिसमें शारदा कबीर, सुदामा, नानकचंद रत्तू, डॉ. माधव मालवनकर, चांगदेव भवानराव खैरमोडे जैसे नाम सम्मिलित हैं, वही जानते हैं कि डॉ. आंबेडकर का अंतिम क्षण कैसा था।

शारदा कबीर उनकी धर्म पत्नी थीं। सुदामा, उनके आवास पर सभी काम देखने वाले थे। नानकचंद रत्तू उनके निजी सचिव थे, डॉ. माधव उनके विशेष चिकित्सक और चांगदेव खैरमोडे उनके मित्र जिन्होंने 12 खण्डों में 'डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर' उन पर पुस्तक तैयार की थी। अंतिम दिनों के साक्षी यही हैं। डॉ. आंबेडकर अपने अंतिम दिनों में एकांत में रहना पसंद करते थे। उनके पास कम लोग ही आया करते थे। 'बुद्ध एंड हिज धम्म' पुस्तक की प्रस्तावना के लिए उनकी मुलाकातें हुईं तो उसके लिए या फिर कभी-कभार डॉ. आंबेडकर के इच्छानुसार कोई ख़ास व्यक्ति। जीवनभर भारत के लोगों के लिए जीवन देने वाले डॉ. आंबेडकर का एकांत उन्हें पुस्तक, कलम और चिंतन के साथ जोड़े रखा, इसका प्रमाण तो 'बुद्ध एंड हिज धम्म' की प्रस्तावना को बार-बार परिवर्तन करने की उनकी कोशिश से समझा जा सकता है। 06 दिसंबर उनके जीवन के महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में जाना जाता है जबकि शारदा कबीर यानी माईसाहेब ने अपनी पुस्तक 'डॉ. आंबेडकरांच्या सहवासात' में यह जिक्र किया है कि जब वह सुबह उनके कमरे में गईं तो वे इस जगत में नहीं थे क्योंकि उसके बाद जितनी भी कोशिशें की गईं, वे सब निरर्थक साबित हुईं। कहते हैं लंबी बीमारी के कारण 1955 में डॉ. आंबेडकर का स्वास्थ्य खराब हो गया था। 6 दिसंबर, 1956 को दिल्ली में नींद में ही उनका निधन हो गया। डॉ. आंबेडकर जिस लोकतांत्रिक गणराज्य की खोज कर रहे थे वह अद्भुत था। उनका मानना था कि हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना होगा। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक टिक नहीं सकता जब तक उसके मूल में सामाजिक लोकतंत्र न हो. सामाजिक लोकतंत्र का क्या अर्थ है? इसका अर्थ है जीवन का एक तरीका जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को जीवन के सिद्धांतों के रूप में मान्यता देता है. वे अपने इस दृष्टि को संविधान आत्मार्पित होने के एक दिन पूर्व स्पष्ट कर रहे थे। वह चाहते थे कि यह संविधान का दस्तावेज़ लागू हो रहा है, ठीक है, लेकिन इसकी सामाजिक अभिव्यंजना जो आज है, वही बनी रहेगी तो इस संविधान का कोई औचित्य नहीं होगा। इसलिए उन्होंने तीन शब्द दिए- स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व। डॉ. आंबेडकर के भारत की खोज इन तीन शब्दों में



अभिव्यंजित होती है जिसमें वह निःसंदेह छुआछूत से मुक्ति, सबके लिए सामान अवसर और गरिमा की उपस्थिति चाहते थे। उन्हें समाज में व्याप्त बुराइयों से ज्यादा चिढ़ रूढ़िवादी व्यवस्था के बने रहने से थी क्योंकि उनको यह विश्वास था कि बुराइयों की जड़ें तो इन व्यवस्थाओं में है। इसीलिए वह सतत अपने जीवन के उत्तरार्ध तक दलितों, वंचितों, शोषितों और महिलाओं के उत्थान हेतु शिक्षा को सबके जीवन का हिस्सा बनाना चाहा। वह महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर ही हिन्दू कोड बिल पर सदैव अड़े रहे और उसके लिए संघर्षरत रहकर आवाज़ बुलंद करते रहे। उन्हें किसी भी प्रकार की छद्म राजनीति पसंद नहीं थी। अंतिम दिनों में जब देश में छद्म राजनीति अपना ज्यादा पांव पसारने लगी तो वह इससे त्रस्त हो गए और मंत्रालय तक को त्याग दिए। यह उनका त्याग और उनकी कोशिश आज आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी वास्तविक डॉ. आंबेडकर का हमें दर्शन कराती है। उनके अंतिम दिनों को स्मरण करें तो उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक समारोह में बौद्ध धर्म अपना लिया था। उनके बुद्धिष्ट भारत की खोज के बारे में लोग बात करने से कतराते हैं। संविधान लागू होने के बाद जिस सामाजिकी का भारत वह ढूंढ़ रहे थे, ऐसा लगता है कि वह चाहते थे कि भारत के दलित, दमित, वंचित, शोषित लोग बुद्धिष्ट भारत की मांग करें। यदि मांग न करें तो वे सभी जो उनको मानते हैं, कम से कम बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरणा लें और वैसा जीवन जीएं। इसके पीछे उनकी सामाजिक न्याय की अवधारणा संभवतः थी। यद्यपि भारत अब जिस संविधान से आज 21वीं सदी के ऐतिहासिक पड़ाव को पार कर रहा है तो आज ऐसे कई सवाल ऐसे दस्तक दे रहे हैं कि डॉ. आंबेडकर अपने भारत की खोज में आज भी संघर्ष कर रहे हैं। नई-नई चुनौतियों के बीच डॉ. आंबेडकर के सामाजिक न्याय की संवेदनशील अवधारणा अभी भी भारत के दलितों, गरीबों और भूखे लोगों के माध्यम से सवाल कर रहे हैं। समानता की लड़ाई अभी भी कहीं न कहीं अधूरी रह गई है। आज भारत में दलितों व वंचितों के साथ छुआछूत के मामले में कमी आई है। भेदभाव कम हुआ है। लेकिन गरीबी और भुखमरी में कमी आई है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। ऐसा लगता है कि डॉ. आंबेडकर अंतिम-जन के लोगों के सुखमय जीवन वाले भारत की खोज में आज भी हैं। उनका भारत अभी भी सहेजा नहीं जा सका है, यह स्वीकार करना पड़ेगा। सच्चा सामाजिक न्याय तो तभी आएगा जब सभी वर्ग के लोग, सभी लिंग, समुदाय के लोग समान गरिमा के अधिकारी बनेंगे। आज भारत में दलितों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हुई है। आंबेडकर मजदूरों, श्रमिक वर्ग के रोजगार को महत्व देते थे, आज का आधुनिक राष्ट्र बेरोजगारी से मुक्ति के लिए श्रम के अवसर व आर्थिक उन्नति के आधार तैयार को लेकर कठिन दौर से गुजर रहा है। सत्ता में भागीदारी और नीति निर्माण करने का अवसर भारत ने उपलब्ध यदि दलित समाज को उपलब्ध कराया तो ऐसे कई राजनीतिक नेताओं के उदाहरण हैं आज हमारे सामने कि वे अपने आप को कायम नहीं रख सके। डॉ. आंबेडकर चाहते थे नैतिक ईमानदार और प्रतिबद्ध समाज जो दलितों के हितों को निरंतर उठाये और ऐसे भारत की रचना करे जो सबकी गरिमा व विश्वास का हो। आज डॉ. आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस है, इसे स्मरण करें। लेकिन यदि आज सभी लोग उनके मन, वचन और कर्म को आत्मसात कर उनके सपनों का भारत निर्मित करें तो ही उस महापुरुष को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सच यह है कि आज उनकी अपेक्षाएं किसी खास वर्ग, जाति, लिंग व समुदाय से नहीं है, उनकी अपेक्षाएं भारत के सभी नागरिकों से है, यह हमें तय करना है कि उस दिव्य पुरुष के भारत को कैसे निर्मित होते हम देखना चाहते हैं।

(लेखक डॉ. आंबेडकर चेयर में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

डॉ. सौरभ मालवीय




# आंबेडकर, समरसता और संघ

देश में सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए प्रमुखता से स्वर मुखर करने वालों में डॉ. भीमराव आम्बेडकर का नाम अग्रणीय है। उन्होंने बाल्यकाल से ही अस्पृश्यता का सामना किया था। विद्यालय से लेकर नौकरी तक उन्होंने भेदभाव का दंश झेला। इससे उनकी आत्मा चीत्कार उठी। उन्होंने अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने देशभर की यात्रा की तथा दलितों के अधिकारों के लिए स्वर मुखर किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि सेवक बनकर ही कोई बड़ा कार्य किया जा सकता है। इसलिए वह कहते थे- 'एक महान आदमी एक आम आदमी से इस तरह से अलग है कि वह समाज का सेवक बनने को तैयार रहता है।' डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक समरसता का जो स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभियान चला रहा है। वास्तव में संघ अपने स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगवार ने सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता एवं सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उनका कहना था कि हमारा निश्चय एवं स्पष्ट ध्येय ही हमारी प्रगति का मूल कारण है। हम लोगों को हमेशा सोचना चाहिए कि जिस कार्य को करने का हमने प्रण किया है, और जो उद्देश्य हमारे सामने है, उसे प्राप्त करने के लिए हम कितना कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक अधिकारी एवं शिक्षक को प्रत्येक के मन में यह विचार भर देना चाहिए कि मैं स्वयं ही संघ हूं। अपने चरित्र को कभी भी कमजोर व क्षीण न होने दें। आप इस भ्रम में न रहें कि लोग हमारी ओर नहीं देखते। वे हमारे कार्य तथा हमारे व्यक्तिगत आचरण की ओर आलोचनात्मक दृष्टि से देखते हैं। हमें केवल अपने कार्य में व्यक्तिगत चाल-चलन की दृष्टि से सावधानी नहीं बरतनी चाहिए, अपितु सामूहिक एवं सार्वजनिक जीवन में भी इसका ध्यान रखना चाहिए। वह कहते थे कि बिना कष्ट उठाए और बिना स्वार्थ त्याग किए, हमें कुछ भी फल मिलना असंभव है। अपने समाज में संगठन निर्माण कर उसे बलवान तथा अजेय बनाने के अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं करना है। इतना कर देने पर सारा कार्य स्वयं ही हो जाएगा। अनुशासन अपने संगठन की नींव है, इसी पर हमें विशाल इमारत को खड़ा करना है। सामाजिक समरसता के बारे में उनका कहना था कि संघ का लक्ष्य भारत राष्ट्र को पुनः परम वैभव तक ले जाना है। समरसता के बिना, समता स्थायी नहीं हो सकती और दोनों के अभाव में राष्ट्रीयता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारा कार्य अखिल हिंदू समाज के लिए होने के कारण, उसके किसी भी अंग की उपेक्षा करने से काम नहीं चलेगा। वह कहते थे कि संघ का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए हमें लोक संग्रह के तत्वों को भली-भांति समझ लेना होगा। संघ केवल स्वयंसेवकों के लिए नहीं, अपितु संघ के बाहर जो लोग हैं, उनके लिए भी है। हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि उन लोगों को हम राष्ट्र के उद्धार का सच्चा मार्ग बताएं। प्रत्येक व्यक्ति को उत्साह और हिम्मत से आगे आना चाहिए और संघ कार्यों में जुट जाना चाहिए। इस समाज को जागृत एवं संगठित करना ही राष्ट्र का जागरण एवं संगठन है। यही राष्ट्र धर्म है।

ध्येय पर अविचल दृष्टि रखकर, मार्ग में मखमली बिछौने हो या कांटे बिखरे हों, उनकी चिंता न करते हुए निरंतर आगे ही बढ़ने को दृढ़ निश्चय वाले क्रियाशील तरुण खड़े करने पड़ेंगे। पूर्ण संस्कार दिए बिना, देशभक्ति का स्थाई स्वरूप निर्माण होना संभव नहीं है तथा इस प्रकार की स्थिति का निर्माण होने तक सामाजिक व्यवहार में प्रमाणिकता भी संभव नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि समरसता के लिए आत्मग्लानि दूर करने के लिए आत्मबोध को जगाना पड़ेगा, स्वार्थ के स्थान पर निःस्वार्थ भाव का निर्माण करना पड़ेगा। सभी भेदों को भुलाकर एकात्मकता का भाव जागृत करना पड़ेगा। भीमराव आंबेडकर समानता पर सर्वाधिक बल देते थे। वह कहते थे कि अगर देश की अलग-अलग जातियां एक-दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी, तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। एक सफल क्रांति के लिए केवल असंतोष का होना ही काफी नहीं है अपितु इसके लिए न्याय, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी बहुत आवश्यक है। राजनीतिक अत्याचार सामाजिक अत्याचार की तुलना में कुछ भी नहीं है और जो सुधारक समाज की अवज्ञा करता है, वह सरकार की अवज्ञा करने वाले राजनीतिज्ञ से ज्यादा साहसी है। जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेते तब तक आपको कानून चाहे जो भी स्वतंत्रता देता है वह आपके किसी काम की नहीं।

(लेखक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अध्येता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित

दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

# भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जागरूकता अभियान चलाया जाए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में बढ़ते साइबर ठगी के मामलों पर चिंता जताई। मोदी ने साइबर ठगी से बचने के जो उपाय बताए, उन पर लोगों को खुद भी जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी करना चाहिए। देश में ऑनलाइन और ऑफलाइन ऐसे फ्रॉड हो रहे हैं जो लोगों के खून-पसीने की कमाई को मिट्टी में मिला रहे हैं। कुछ समय पहले प्रदेश में पैसा दोगुना करने के नाम पर एक फर्जीवाड़ा सामने आया है। इसमें एक कंपनी ने लोगों को पैसा डबल करने का झांसा दिया और उनके पैसे लेकर कंपनी रफ्फूचक्कर हो गई। आरबीआई ने लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए हुए हैं, फिर भी न जानें वे क्यों झांसे में आ जाते हैं।

*-सुरेश यादव, भाटापारा*

## ट्रेंड

### भूटान से स्थायी साझेदारी



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक और रानी का भारत में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम भूटान के साथ अद्वितीय और स्थायी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हॉकी टीम को हार्दिक बधाई



पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 जीतने पर भारतीय हॉकी टीम को हार्दिक बधाई। यह उपलब्धि उनकी उत्कृष्ट टीम वर्क, समर्पण और अद्वितीय धैर्य का प्रमाण है, जिसने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया। यह जीत भारत का मान बढ़ाती है।

-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष


### देश का उज्ज्वल भविष्य



कुछ लोग कहते हैं कि बच्चे हमारे भविष्य के नेता हैं। मैं कहता हूँ नहीं। वे आज और कल के नेता हैं। अपने-अपने गांवों में बाल शोषण, सामाजिक अन्याय, असमानता, भेदभाव और विभाजन से लड़ते हुए, वे देश के उज्ज्वल भविष्य को साबित करते हैं।

-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता

### अभी शुरुआत करें



मुझे फिट रहने के लिए अलग-अलग चीजें आज़माना पसंद है लेकिन पिलेट्स हमेशा मेरा पसंदीदा है। यदि आप में से कोई भी शुरुआत करने के लिए संघर्ष कर रहा है, तो अभी शुरुआत करें क्योंकि कभी भी देर नहीं होती है।

-प्रीति जिंटा, अभिनेत्री

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# हसीना के 'घृणास्पद भाषणों' के प्रसार पर लगा प्रतिबंध



बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को मीडिया एवं सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म पर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के सभी ''घृणास्पद भाषणों'' के प्रसार पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। यह आदेश हसीना के हालिया भाषण के बाद आया है, जो चार महीने पहले बांग्लादेश से जाने के बाद उनका पहला सार्वजनिक संबोधन था। इसमें उन्होंने देश के अंतरिम नेता मुहम्मद यूनुस पर तीखा हमला करते हुए उन पर 'नरसंहार' करने और हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया था। बांग्लादेश संवाद संस्था (बीएसएस) ने बताया कि न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मजूमदार के नेतृत्व में दो सदस्यीय न्यायाधिकरण ने आदेश पारित किया और अधिकारियों को सोशल मीडिया से हसीना के सभी 'घृणास्पद भाषणों' को हटाने तथा भविष्य में सभी प्रकार के मीडिया में उनके प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अब्दुल्ला अल नोमान ने समाचार एजेंसी को बताया कि न्यायाधिकरण ने आईसीटी प्रभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा बांग्लादेश दूरसंचार विनियामक आयोग (बीटीआरसी) के सचिवों से आदेश को क्रियान्वित करने के लिए कहा है।

## ऑफ बीट

# रुक-रुक कर उपवास से बचा जा सकता है अल्जाइमर से

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ती जा रही है, अल्जाइमर रोग तेजी से आम होता जा रहा है। अल्जाइमर रोग मनोभ्रंश का सबसे प्रचलित रूप है।



डिमेंशिया एक बीमारी है जिसका उपयोग उम्र के साथ मस्तिष्क की कार्यक्षमता में गिरावट से जुड़े लक्षणों की एक श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। लक्षणों में स्मृति हानि, संचार कठिनाइयाँ, समस्या-समाधान संघर्ष और व्यक्तित्व या व्यवहार परिवर्तन शामिल हैं। हाल के वर्षों में, अल्जाइमर रोग जैसी उम्र से संबंधित बीमारियों पर शोध के सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक मस्तिष्क में हानिकारक प्रोटीन का संचय रहा है। विशेष रूप से अमाइलॉइड। अमाइलॉइड अल्जाइमर रोग में अनुसंधान का एक प्रमुख क्षेत्र बना हुआ है क्योंकि इसका बढ़ना इस स्थिति के विकास से जुड़ा है। रोग प्रक्रिया में इसकी भागीदारी को समझना हमारे ज्ञान को आगे बढ़ाने और रोग के निदान, रोकथाम और उपचार के लिए प्रभावी रणनीति विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अमाइलॉइड के संचय से प्लाक का निर्माण हो सकता है। ये प्लाक मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच संचार में बाधा डाल सकते हैं। यह अंततः संज्ञानात्मक गिरावट और अल्जाइमर रोग से जुड़े अन्य लक्षणों में योगदान देता है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# आलू पर ममता ने फिर लगाया बैन, अब उप्र और मप्र से ही आवक, थोक में दाम 35 और चिल्हर में 50 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास


आलू पर एक बार फिर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का कहर टूटा है। बंगाल से दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसा होने से जहां बंगाल के कारोबारी परेशान हो गए हैं, वहीं बंगाल से छत्तीसगढ़ भी माल आना पूरी तरह से बंद हो गया है। बंगाल से ▶▶|शेष पेज 2 पर

### बंगाल का आलू बंद

यह दूसरी बार है जब बंगाल से आलू को दूसरे राज्यों में भेजने पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी से बैन किया है। इसके पहले भी इस साल वहां पर प्रतिबंध लगाया गया था तब आलू की कीमत 40 रुपए हो गई ▶▶|शेष पेज 2 पर

### बंगाल से नहीं आ रहा आलू

बंगाल की सरकार ने आलू को बाहर के राज्यों में भेजने पर बैन लगा दिया है, ऐसे में वहीं से छत्तीसगढ़ में कहीं भी आलू नहीं आ रहा है। अभी उप्र और मप्र के छिंदवाड़ा से नया आलू आ रहा है। - **अजय अग्रवाल,** अध्यक्ष थोक आलू-प्याज संघ भनपुरी



### पहली बार ढाई गुना कीमत

आलू की कीमत आमतौर पर थोक में साल भर पहले 10 रुपए के आस-पास रहती थी। बीते साल नया आलू आया था तो थोक में यह 8 से 10 रुपए और चिल्हर में 15 रुपए किलो तक बिका है। लेकिन अब आलू जहां थोक में 35 रुपए तक किलो हो ▶▶|शेष पेज 2 पर

# इतिहास में पहली बार अंडा थोक में साढ़े सात चिल्हर में आठ रुपए

- ठंड में खपत बढ़ी छत्तीसगढ़ में ही लोग रोज 70 लाख डकार रहे

रायपुर। ठंड में अंडों की खपत में भारी इजाफा हो गया है। ऐसा होने से इतिहास में पहली बार कीमत भी सातवें आसमान पर चली गई है। पोल्ट्री फार्म में जहां कीमत 6.50 रुपए है, वहीं ग्राहकों को यह थोक में साढ़े सात और चिल्हर में आठ रुपए में मिल रहे हैं। अपने प्रदेश में रोज 80 लाख अंडों का ▶▶|शेष पेज 2 पर



### ठंड में खपत बढ़ी

आमतौर पर प्रदेश में ठंड में अंडों की खपत बढ़ जाती है। सामान्य समय में जब यहां रोज 80 लाख अंडों का उत्पादन होता है, तो इसमें से 30 से 40 फीसदी यानी 20 से 30 लाख अंडे दूसरे राज्यों में जाते ▶▶|शेष पेज 2 पर

### खपत बढ़ने से कीमत बढ़ी

ठंड में खपत बढ़ने के कारण पहली बार अंडों की कीमत पोल्ट्री फार्म में थोक और चिल्हर में ज्यादा हो गई है। पहले कभी इतनी कीमत नहीं रही है। - **धनराज बैनर्जी,** पोल्ट्री फार्म कारोबारी

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज अष्टलक्ष्मी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में पूर्वोत्तर



भारत की सांस्कृतिक जीवंतता को प्रदर्शित करने वाले अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। पहली बार मनाया जा रहा तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव छह से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### सीतारमण आज से शुरू करेंगी बजट-पूर्व परामर्श


**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट बनाने की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार से विभिन्न पक्षों



के साथ बजट-पूर्व परामर्श शुरू करेंगी। पहली बैठक छह दिसंबर को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के साथ होगी। सीतारमण इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्री आगामी बजट के बारे में उनसे सुझाव मांगेंगी।

### एलओसी के पास सेना के जवानों ने चलाईं गोलियां

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों



की एक टुकड़ी ने गोलियां चलाईं। घुसपैठ की संभावनाओं वाले मार्गों पर बैठे सेना के जवानों ने बुधवार देर रात बग्यालदारा गांव के पास संदिग्ध गतिविधियां देखीं और गोलियां चलाईं। आसपास घेराबंदी भी मजबूत कर दी गई है।

### ट्रेन में सीट पर विवाद युवक की मौत

**अमेठी।** जम्मू से वाराणसी आ रही बेगमपुरा एक्सप्रेस में सीट पर बैठने को लेकर हुए विवाद में चाकू से



किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जम्मू से वाराणसी आ रही बेगमपुरा एक्सप्रेस में लखनऊ से निहालगढ़ के बीच सीट पर बैठने को लेकर दो यात्रियों के बीच विवाद हो गया।

# महाराष्ट्र में 'देवेंद्र' सरकार, शिंदे और अजित पवार उपमुख्यमंत्री

## पीएम मोदी की मौजूदगी में शपथ सीएम साय भी समारोह में हुए शामिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*भाजपा विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार की शाम भव्य समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, सहयोगी एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा भाजपा नीत महायुति के हजारों समर्थक शामिल हुए।*

शपथ ग्रहण समारोह विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के करीब दो सप्ताह बाद आजाद मैदान में आयोजित किया गया। नागपुर दक्षिण पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित फडणवीस (54) तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने फडणवीस और शिंदे तथा पवार को पद की शपथ दिलाई। भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने इससे पहले कहा था कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले शपथ ले लेंगे।

महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। समारोह में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और नेता पहुंचे जिनमें बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के मुखिया नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ▶▶|शेष पेज 2 पर

### खास बातें

- दो हफ्ते बाद नई सरकार, अब मंत्रियों के ऐलान का इंतजार
- महायुति में अभी भी मंत्रालय बंटवारे को लेकर सस्पेंस



### दिखा एनडीए का शक्ति प्रदर्शन

महाराष्ट्र की नई सरकार के शपथ ग्रहण में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन भी दिखा। शपथ ग्रहण समारोह में देश भर से एनडीए के कई मुख्यमंत्री और नेता भी पहुंचे।

### सीएम साय ने दी बधाई



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा उपमुख्यमंत्री द्वय एकनाथ शिंदे और अजित पवार के दूरदर्शी नेतृत्व में महाराष्ट्र की विकास यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

**2014 में पहली बार बने थे मुख्यमंत्री**

देवेंद्र फडणवीस 2014 में पहली बार सीएम बने थे। उन्होंने 5 साल सरकार चलाई और 2019 में भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटें जीतीं, लेकिन पार्टी सरकार नहीं बना पाई।

### झारखंड में 11 ने ली मंत्री पद की शपथ

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली, जिनमें छह नए चेहरे और दो महिला विधायक हैं। इन 11 विधायकों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह और कांग्रेस के चार विधायक हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यहां राजभवन के अशोक उद्यान में मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वाले झामुमो के छह विधायकों में सुदिव्य कुमार, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद और हफीजुल हसन शामिल हैं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी और राधाकृष्ण किशोर ने मंत्री पद की शपथ ली, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संजय प्रसाद यादव को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

## हाईकोर्ट ने सीएस को दिए निर्देश

# स्कूलों-सार्वजनिक जगहों पर न बिके नशे का सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने मुख्य सचिव से कहा है कि प्रदेश के स्कूलों व सार्वजनिक जगहों पर नशे के सामान की बिक्री किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए। कोटपा एक्ट में दिए गए प्रावधानों का कड़ाई से पालन हो। इस दिशा में राज्य को ठोस कदम उठाना होगा। इस जनहित याचिका मामले में अगली सुनवाई 27 जनवरी 2025 को तय की गई है।

हाईकोर्ट ने स्कूलों और सार्वजनिक जगहों पर नशे के सामान बिक्री मामले को गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को कहा है कि प्रदेश के स्कूलों व सार्वजनिक जगहों पर नशे के सामान की बिक्री किसी ▶▶|शेष पेज 2 पर

### सरकार ने कहा- पूरी तरह प्रतिबंध

पूर्व में जारी निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव ने महाधिवक्ता कार्यालय के लॉ अफसर के जरिए शपथ पत्र के साथ जवाब पेश किया। इसमें बताया गया कि प्रदेशभर के स्कूलों के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर कोटपा एक्ट को प्रभावी कर दिया गया है। स्कूलों के आसपास और सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू सहित ▶▶|शेष पेज 2 पर

# बना वर्ल्ड रिकॉर्ड बड़ौदा ने टी20 में बनाए 349 रन

**263** रनों से जीता मैच | **86** रन पर सिक्किम ढेर



**इंदौर।** बड़ौदा ने गुरुवार को सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में इतिहास रचते हुए टी20 प्रारूप का सर्वोच्च स्कोर बनाया। बड़ौदा ने सिक्किम के खिलाफ इंदौर में खेले गए मैच में भानू पानिया के नाबाद शतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 349 रन बनाए जो खेल के सबसे छोटे प्रारूप का सर्वोच्च टोटल है। बड़ौदा ने जिम्बाब्वे के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिसने इसी साल गाम्बिया के खिलाफ चार विकेट पर 344 रन बनाए थे। सिक्किम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 86 रन ही बना सकी।

| 20 | 05 | 349 |
| --- | --- | --- |
| ओवर | विकेट | रन |

### 37 छक्के का रिकॉर्ड

बड़ौदा ने मैच में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बड़ौदा ने एक पारी में सर्वाधिक 37 छक्के भी लगाए। भानू पानिया ने 51 गेंदों पर पांच चौकों और 15 छक्कों के दम पर नाबाद 134 रन बनाए।

# पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग में महिला की मौत अल्लू अर्जुन पर केस

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' के 'प्रीमियर शो' के दौरान यहां एक सिनेमाघर में भीड़ में फंसने के बाद दम घुटने से एक महिला की मौत हो गई और उसके बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए केस फाइल हुआ है। इसमें आरोपी अल्लू अर्जुन को ठहराया गया है, साथ ही संध्या थिएटर के मैनेजमेंट पर भी केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार रात को उस समय हुई जब बड़ी संख्या में प्रशंसक अभिनेता अल्लू अर्जुन की एक झलक पाने के लिए सिनेमाघर में उमड़ पड़े। महिला के पति ने एक समाचार चैनल को बताया कि सिनेमाघर में अल्लू अर्जुन के आने के कारण भारी भीड़ थी और वहां भगदड़ जैसा माहौल बन गया था। उन्होंने अपना आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि चिकित्सकों ने कहा है कि वे उनके ▶▶|शेष पेज 2 पर

**प्रशंसकों की उमड़ी थी भीड़**



### भीड़ में फंस गए मां-बेटा

पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि भारी भीड़ आगे बढ़ी और सिनेमाघर में प्रवेश करने का प्रयास कर रही महिला तथा उसका बेटा भीड़ में फंस गए। लोगों के धक्के के कारण दोनों दम घुटने से बेहोश हो गए। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि सिनेमा घर छोटा था और उसमें इतनी भारी भीड़ के लिए पर्याप्त जगह नहीं थी।

## एक गलती से चढ़े पुलिस के हत्थे, 12 आरोपी गिरफ्तार

# 'स्पेशल 26' की तरह फर्जी अफसर बनकर लूटे 25 लाख!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

साल 2013 में अभिनेता अक्षय कुमार और मनोज वाजपेयी की एक फिल्म आई थी, जिसका नाम स्पेशल 26 था। इस फिल्म में ये लोग नकली सीबीआई अधिकारी बनकर मंत्री और कारोबारी के घर छापा मारकर उन्हें लूट लेते थे। ऐसा ही कुछ गुजरात के कच्छ इलाके में भी देखने को मिला है। फर्जी डॉक्टर, फर्जी अस्पताल, फर्जी पुलिस, फर्जी जज के बाद फर्जी ईडी अधिकारी बनकर ठगों ने एक कारोबारी को लूटने की कोशिश की लेकिन वो इस बार पकड़े गए।



**ट्रांसलेटर निकला मास्टरमाइंड**

ठगी के इस मामले को लेकर कच्छ के एसपी सागर बागमार ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड डीआरआई ऑफिस में ट्रांसलेटर के तौर पर काम करने वाला शैलेंद्र देसाई है। उसने खुद को ईडी अधिकारी बताकर रेड की योजना बनाई थी। पुलिस के मुताबिक उसके साथ भरत मोडवाड़िया और देवायत खाचर ने इस योजना को अंजाम देने के लिए बाकी सदस्यों को शामिल किया। इनमें से 6 आरोपी स्थानीय थे, जिन्हें क्षेत्र की अच्छी जानकारी थी।

### एक गलती ने पहुंचा दिया हवालात

पुलिस जांच में पता चला कि गिरोह में एक महिला भी शामिल थी। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपराध कबूल कर लिया है। फर्जी रेड के दौरान जिन वाहनों का इस्तेमाल किया गया, उनके जरिए ही पुलिस आरोपियों तक पहुंची। एसपी ने बताया कि गिरोह ने लालच देकर लोगों को शामिल किया और पहली ही रेड में उनका भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया है। फिलहाल एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।




*Fuel efficiency as certified by test agency under Rule 115 of CMVR 1989. #The claim 'India's Most Fuel-Efficient Sedan' is supported by JATO Dynamics certificate dated 08th October 2024. Terms & Conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Car colour shown may vary from actual body colour due to printing on paper. **3 years or 100 000 km whichever is earlier.

# करकनगुड़ा और भीमापुरम के जंगल में पुलिस व नक्सलियों में हुई मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के करकनगुड़ा और भीमापुरम के जंगल में हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दोनों ओर से लगभग 20-25 मिनट तक फायरिंग चली। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सर्च करने पर मौके से नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नए पुलिस कैंप से बुधवार को सीआरपीएफ 223वीं वाहिनी, 206 कोबरा वाहिनी एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भीमापुरम, करकनगुड़ा व रायगुड़ेम व आस-पास जंगल क्षेत्र मे रवाना हुई थी। इस दौरान दोपहर करीब 1.15 बजे ग्राम करकनगुड़ा, भीमापुरम के पास पीएलजीए बटालियन के सशस्त्र माओवादी एवं जगरगुण्डा एरिया कमेटी के नक्सलियों के द्वारा पूर्व से घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग किया गया। जिस पर सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग किया गया।

■ पुलिस का दबाव बढ़ने पर जंगल-पहाड़ की आड़ लेकर भागे नक्सली



## पेड़ से टकराया अनियंत्रित ट्रैक्टर, चालक की मौत

**जगदलपुर।** भानपुरी थाना क्षेत्र स्थित गोरस डोबरी जंगल मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पेड़ से टकराने से चालक की मौत हो गई। भानपुरी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ग्राम मुजला बाजारापारा निवासी युवक ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। तभी अनियंत्रित होकर वह पेड़ से टकरा गया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भानपुरी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि 4 दिसम्बर को पवन नायक ग्राम कोरमेल से गोडियापाल की ओर स्वयं ट्रैक्टर चलाते हुए जा रहा था जैसे ही पवन ट्रैक्टर लेकर गोरस डोबरी जंगल मोड़ के करीब वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पेड़ से जा टकराया। हादसे में पवन नायक ट्रैक्टर से दूर जा गिरा, जिससे सिर, सीना में अंदरूनी चोट आने से घटनास्थल में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई राजेश नायक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उसका भाई 19 नवंबर को ग्राम मुंजला से गोडियापाल जाने की बात कहते हुए बडी बहन सुनीता के घर चला गया था। वह 4 दिसम्बर को बिना नंबर की ट्रैक्टर को लेकर कोरमेल से गोडियापाल की ओर आ रहा था तभी हादसा हो गया। मौके पर पहुंची भानपुरी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर शव पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच कर रही है।

## बाइक की ठोकर से अधेड़ की मौत

**भिलाई।** भिलाई तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने अधेड को जोरदार ठोकर मारने से उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम ननकठ्ठी और बोडेगांव पुल के पास तेज रफ्तार से बाइक चालक आ रहा था। इस दौरान अर्जुन रावत को बाइक चालक ने ठोकर मार दी। सूचना पर डायल 112 से उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उपचार के बाद अर्जुन की मौत हो गई।

## दुकान और फैक्ट्री में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार


**भिलाई।** अलग-अलग 6 दुकानों के चोरी मामले में पुलिस ने एक अपचारी बालक समेत तीन आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने फैक्ट्री का लोहा और नकदी जब्त किया है। घटना का लाइव सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिला है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि जामुल थाना क्षेत्र में कुछ दिनों से लगातार चोरियां हो रही थीं। 26 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच चोरों ने किराना और अन्य दुकानों के ताला तोड़कर नगदी रकम और सामान चोरी कर फरार हो गए थे। इसके अलावा चोरों ने फैक्ट्री के भीतर प्रवेश कर लोहे का स्क्रैप मिला है। पुलिस के आरक्षकों ने सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध किस्म के युवक दिखने पर खोजबीन शुरु किया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने साइकल से जा रहे तीन युवकों को पकड़ा गया। युवकों को थाने लाने के बाद पूछताछ करने पर अपना नाम गुरु घासीदास नगर तालाब के पास कुरुद जामुल निवासी सुखिया कुर्रे उर्फ मलिंगा होना बताया उसने बताया।

## बुजुर्ग कमार महिला का तेंदुआ ने किया शिकार

**धमतरी/मगरलोड।** सामान्य वन मंडल धमतरी अब सामान्य नहीं रहा। यहां जंगली जानवरों के हमले और शिकार की घटना लगातार हो रही है। दिनदहाड़े गुरूवार को एक बुजुर्ग कमार महिला को अपना शिकार बना लिया। एक दिन पहले बुधवार को हाथी के शावक ने मासूम बच्ची को पटककर मार डाला। सन 2024 में 5 घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई है। उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के जंगल में मोहंदी रेंज के पठार सर्कल अंतर्गत मड़ेली कमारपारा में बुजुर्ग कमार महिला सुखबती 65 वर्ष का तेंदुआ ने शिकार कर लिया है। सुखबती पति रूपसिंग कमार अपने घर में सोई हुई थी। अकेली महिला पर तेंदुआ ने हमला किया और उसे उठाकर 30 मीटर दूर जंगल में ले जाकर शरीर के आधे हिस्से को खा गया। मृतिका के भतीजे चंपेश कुमार की सूचना पर सिंगपुर रेंजर पंचराम साहू, डिप्टी रेंजर पीएल लहरे, वन रक्षक हरीश दुबे और मगरलोड पुलिस मौके पर पहुंची।












अनोखे जंतु / शिखर चंद जैन

# अपनी मर्जी से बन जाते हैं नर या मादा

बच्चों, जरा सोचो, अगर तुम अपनी मर्जी से लड़के से लड़की बन जाओ या लड़की से लड़का तो यह एक चमत्कार ही कहलाएगा! यह हम मनुष्यों के लिए असंभव है, लेकिन दुनिया में कई ऐसी मछलियां हैं, जो अपनी मर्जी और आवश्यकता के अनुसार नर या मादा में परिवर्तित हो सकती हैं। मछलियां ही नहीं इनके अलावा भी कुछ अन्य जंतु भी ऐसे हैं, जो लिंग परिवर्तन करके चौंकाते हैं। जानो, ऐसी ही कुछ अजब-अनोखी मछलियों समेत अन्य जंतुओं के बारे में।

### क्लाउन फिश

**क्लाउन फिश** या कहें जोकर मछलियां, बड़े समूहों में रहती हैं। इनमें सबसे बड़े आकार की मादा मछली और एक नर मछली दोनों मिलकर अपने समूह का नेतृत्व करते हैं। बाकी मछलियां आकार में छोटी या कम उम्र की होती हैं। इनका आकार ही तय करता है कि समूह का मुखिया कौन होगा। लेकिन जब मादा मछली मर जाती है, दूसरी मछलियां इस समूह का मुखिया बनने की कोशिश करती हैं तो नर मुखिया अपना लिंग परिवर्तन करके मादा मुखिया का स्थान ग्रहण कर लेता है। फिर समूह की मछलियों में से जो सबसे बड़ा नर होता है, वह उसका पार्टनर बन जाता है। *



### ब्लैक सी बास

**ब्लैक सी** बास मछलियां, आमतौर पर मादा के रूप में ही जन्म लेती हैं, लेकिन इनमें लिंग परिवर्तन की क्षमता जन्मजात होती है। ये मछलियां आमतौर पर दो से पांच साल की उम्र में लिंग परिवर्तन करके नर बन जाती हैं। जीव विज्ञानियों द्वारा किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि ब्लैक सी बास, लिंग परिवर्तन तब करती हैं, जब नर ब्लैक सी बास की संख्या में कमी आने लगती है। ये ऐसा इसलिए करती हैं ताकि नर और मादा की संख्या में ज्यादा असंतुलन ना हो। *

### हॉक फिश



**ऑस्ट्रेलिया से** लेकर जापान तक के समुद्रों में मूंगे की चट्टानों पर रहने वाली हॉक फिशेज यानी बाज मछलियां, प्रायः एक नर मछली के नेतृत्व में रहती हैं। जब इनके ग्रुप में मादा मछलियों की संख्या बहुत ज्यादा होने लगती है तो उनमें से एक मछली लिंग परिवर्तन कर नर मछली बन जाती है, जो अलग होकर आधे समूह का नेतृत्व करने लगती है। कई बार समूह की नर मछली को यह पसंद नहीं आता, वह आक्रामक हो जाती है। ऐसे में जो मछली मादा से नर बनी होती है, वह फिर से मादा बन कर नर मछली का आधिपत्य स्वीकार कर लेती है। *


## मछलियां ही नहीं अन्य जंतु भी बदल लेते हैं लिंग

मछलियां ही नहीं फ्रॉग और घोंघा प्रजाति का जंतु, बनाना स्लग भी अपनी जरूरत के अनुसार लिंग बदल लेने की क्षमता रखता है। बच्चों, इन दोनों के बारे में भी जानो-



### ग्रीन फ्रॉग

**कुछ शोधकर्ताओं** ने एक बार ग्रीन फ्रॉग पर शोध करना चाहा। प्रयोगशाला में ग्रीन फ्रॉग पर शोध करने के दौरान वे यह देखकर दंग रह गए कि कुछ मेंढकों का जो लिंग उन्होंने रिकॉर्ड में दर्ज किया था, वह बदल गया। शोधकर्ताओं ने सोचा कि शायद उनसे लिखने या पहचान करने में कोई गलती हुई है, इसलिए उन्होंने जंगल में जाकर फिर से गहनता के साथ देखा-समझा, उन्होंने पाया कि ग्रीन फ्रॉग में लिंग परिवर्तन बेहद आम बात है। पहले शोधकर्ताओं को शोध करने पर इन मेंढकों में लिंग परिवर्तन की वजह मानव द्वारा उत्पन्न प्रदूषण लगा, लेकिन फिर उन्होंने कई अध्ययन किए, जिनमें पता चला कि ग्रीन फ्रॉग में यह एक नेचुरल गुण है कि वे अपनी मर्जी से लिंग परिवर्तन कर सकते हैं। *




### बनाना स्लग

**घोंघा प्रजाति** का जंतु 'बनाना स्लग' दूर से केले के आकार का दिखता है। यह 10 इंच तक लंबा हो सकता है। यह उभयलिंगी होता है। इसमें नर और मादा दोनों जननांग होते हैं। इसे लिंग परिवर्तन की आवश्यकता नहीं पड़ती। बनाना स्लग को कुदरत ने अद्भुत गुण दिया है, यह अपनी इच्छा से नर या मादा जनन अंगों का अलग-अलग या फिर एक साथ भी प्रयोग कर सकता है। इसे प्रजनन के लिए दूसरे साथी की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह इसके लिए ऐच्छिक है कि यह किसी साथी के साथ रहे या फिर अकेले। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादी का उपवास



घर में आए जब मेहमान
बने ढेर सारे पकवान।
पूड़ी-सब्जी, मटर-पनीर
काजू-किशमिश वाली खीर।
चावल-दाल जायकेदार
पापड़-चटनी और अचार।
लाल-टमाटर हरा-सलाद
लुभा रहा इन सबका स्वाद।
भोजन बना बहुत ही खास
लेकिन दादी का उपवास।
खाकर सेब और अंगूर
दादी रहीं किचेन से दूर।

## जीके क्विज-131



1. आईसीसी की हालिया टेस्ट रैंकिंग के अनुसार विश्व का नंबर एक गेंदबाज कौन बना है?
2. पृथ्वी के लिए ऊर्जा का मुख्य स्रोत क्या है?
3. चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
4. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
5. छत्रपति शिवाजी की मां का क्या नाम था?
6. भूकंप केंद्र के नीचे का बिंदु क्या कहलाता है?
7. मस्तिष्क का कौन सा भाग शरीर को संतुलित करता है?
8. ब्रह्मपुत्र नदी को बांग्लादेश में किस नाम से जाना जाता है?
9. वायुमंडल में सबसे अधिक कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-131 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-130 का उत्तर :** 1. नरेंद्र मोदी, 2.एलन मस्क, 3.सामंथा हार्वे, 4.मूसी नदी, 5.राम तनु पाण्डेय, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.आयुर्वेद, 9.असम, 10.मैक्सिको

**जीके क्विज-130 का सही उत्तर देने वाले :** बेबी-बालोद, कबीर-हिसार, बंटी-ईमेल से, लता-ईमेल से, नेहा-भरनी, डिंपल-ईमेल से, अंचित-रायपुर, उपांशु-बिलासपुर, दीपा-बालोद, आर्यन-रोहतक, जीवेश-दिल्ली, कोमल-महासमुंद

हास्य कथा
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

कोई किसी अक्षर का उच्चारण गलत करे और लगातार गलत शब्द बोले तो दिमाग चकरा ही जाएगा, हंसी भी आएगी। ऐसे में आपसी वार्तालाप में कैसी मजेदार स्थिति पैदा होगी, गुदगुदाने वाली कहानी।

# हबरा की गारी

पिछले जाड़ों की बात है। मैं कोलकाता जा रहा था। ट्रेन की जानकारी करने के लिए मैं पूछताछ खिड़की के सामने खड़ा नोटिस बोर्ड पढ़ रहा था। तभी तेज-तेज चलते, घबराए हुए से एक सज्जन पास आए और बोले, 'भाई साहब! हबरा की गारी की क्या पोजीशन है?'

'क्या...?' मैंने चौंक कर पूछा। मैं उनकी बात समझ नहीं पाया था।

'हबरा की गारी के बारे में पूछ रहा हूं... हबरा की गारी...!' उन्होंने दोबारा कहा।

मैं उनकी बात फिर नहीं समझ पाया, बोला, 'भाई साहब! मैं आपकी बात समझ नहीं पा रहा हूं।'

'भाई साहब..! वो क्या है कि मैं र को र बोलता हूं।' वह बोले।

'तो इसमें कौन-सी खास बात है। हर आदमी र को र ही बोलता है।' मैंने कहा।

'आप समझे नहीं। मतलब कि मैं र को र नहीं बोल पाता, उसे भी र ही बोलता हूं, इसलिए मेरी बातचीत में थोरी गरबरी हो जाती है। दरअसल, बात यह है बरे भाई कि मैं बचपन से ही थोरा तुतलाता हूं, इसलिए र नहीं बोल पाता। र बोलता हूं तो मुंह से र निकल जाता है। मुझे हबरा जाना है। पता करना था कि हबरा की गारी की क्या पोजीशन है?' उन्होंने अपनी बात स्पष्ट की।

उनकी बात समझ में आते ही मुझे हंसी आ गई, बोला, 'अच्छा अब समझा। आप हाबड़ा जाने वाली गाड़ी के बारे में जानना चाहते हैं?'

'हां...जी हां। मैं हबरा की गारी के बारे में पूछ रहा हूं।' वह खुश होकर बोले।

'हाबड़ा की गाड़ी एक घंटा लेट है और प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आएगी।' मैंने उन्हें बताया और आगे बढ़ गया। थोड़ी देर बाद मैं प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर खड़ा था कि वही सज्जन आकर मेरे पास खड़े हो गए।

'बरे भाई! आपको भी हबरा ही जाना है क्या...?' उन्होंने पूछा।

'हां... मुझे भी हाबड़ा ही जाना है।' मैंने बताया तो वे बहुत खुश हुए और बोले, 'तब तो बरी अच्छी बात है। हबरा तक आपका साथ रहेगा।'



'आपका रिजर्वेशन किस बोगी में है?' मैंने पूछा।

'रिजर्वेशन की तो बरी समस्या है। बरे दिन की छुट्टियों के कारण आजकल गारियों में इतनी भीर चल रही है कि पूछिए मत। सब गारियां फुल चल रही हैं। मेरा हबरा पहुंचना बहुत जरूरी है। मेरा लड़का बीमार है। मैंने बरी कोशिश की, लेकिन किसी भी गारी में हबरा का रिजर्वेशन नहीं मिला।' उन्होंने बताया।

'फिर तो मुश्किल होगी। जनरल डिब्बे में तो शायद ही जगह मिल सके आपको।' मैंने उनसे कहा।

'हां भीर-भार तो बहुत है, लेकिन मेरा हबरा जाना भी बहुत जरूरी है, इसलिए गारी को छोर नहीं सकता। बस किसी तरह गारी में घुसने को मिल जाए फिर तो चला ही जाऊंगा। बैठने की जगह नहीं मिलेगी तो खरे-खरे ही चला जाऊंगा।' वह बोले।

मुझे उनकी बातों में मजा आने लगा था, मैंने कहा, 'ऐसा है भाई साहब... मेरा रिजर्वेशन है। साइड की नीचे वाली बर्थ है। आप चाहें तो मेरे साथ ही बैठ लीजिएगा।'

'अरे नहीं बरे भाई! रास्ते में टी.टी. रगरा करेगा। कहीं बीच राह में गारी से उतार देगा तो बरी मुश्किल हो जाएगी।' वह घबरा कर बोले।

'आप इतना घबराते क्यों हैं... टी.टी. से बात करके टिकट बनवा लिया जाएगा।' मैंने समझाया और गाड़ी में उन्हें अपने साथ ही बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद टीटीई आया तो उन्होंने अपना टिकट दिखाया और टी.टी. कुछ बोलता उससे पहले ही बोल पड़े, 'बात यह है टी.टी साहब कि मेरा हबरा जाना बरा जरूरी है। हबरा में मेरा बरा लरका रहता है। उसकी तबियत बरी खराब है। जनरल बोगी में इतनी भीर है कि उसमें तो खरे होने की भी जगह नहीं है। एकाएक बरी हरबरी में जाना परा, इसलिए किसी भी गारी में रिजर्वेशन नहीं मिला। आपकी बरी मेहरबानी होगी, रिजर्वेशन का भारा ले लीजिए और मुझे यहीं बैठने दीजिए।'

उनकी बात सुनकर टी.टी को हंसी आ गई। आस-पास बैठे लोग भी हंस पड़े। टीटी ने पैसे लेकर स्लीपर का टिकट बनाया और आगे की बोगी की ओर बढ़ गया।

सुबह हमारी ट्रेन हाबड़ा के निकट पहुंच चुकी थी। मुझे कोलकाता में एक मित्र के यहां जाना था। मैं पहली बार हाबड़ा जा रहा था, इसलिए अपने मित्र के मोहल्ले का पता जानने के उद्देश्य से मैंने उन सज्जन से पूछा, 'क्यों भाई साहब! क्या आप पहले भी हाबड़ा आ चुके हैं...? मुझे कोलकाता के बारे में आप कुछ जानकारी दे सकते हैं?'

'हां जी, हबरा तो मैं बराबर आता रहता हूं। आपको बताया तो था कि मेरा बरा लरका हबरा में ही रहता है। इसलिए मेरा तो हबरा आना-जाना लगा ही रहता है। हबरा के किस मोहल्ले में जाना है आपको...?' उन्होंने पूछा।

'मुझे हाबड़ा नहीं कोलकाता जाना है। कोलकाता में गुलाबबाड़ी नाम की जगह है कोई, वहीं जाना है मुझे।' मैंने बताया।

वह कुछ देर तक सोचते रहे फिर बोले, 'गुलाबबारी जाने के लिए ऐसा करिएगा कि हबरा से बरा बाजार तक के लिए आप भारे की गारी ले लीजिएगा। बरा बाजार में घोरा अद्दा से थोरा आगे बरी माता का मंदिर हैं। बरी माता मंदिर वाले चौराहे से गुरमंदी की ओर जो चौरी सरक गई है, उस सरक पर थोरा आगे जाने पर सरक के बाईं ओर इमली का एक बरा सा पेर खरा है। वह इमली बारी है। उससे थोरा आगे सरक के दाहिने ओर चंदनबारी और सरक के बाएं ओर आमबारी है। वहीं कहीं आस-पास गुलाबबारी भी है।'

उनकी बातें सुनकर मुझे जोर की हंसी आ गई। अगल-बगल बैठे लोग जो उनकी बातें सुन रहे थे, वह भी हंस पड़े। इतने में गाड़ी हाबड़ा स्टेशन पर पहुंच गई।

'चलिए भाईसाहब... गारी से उतरिए गारी हाबरा पहुंच गई।' मैंने हंसते हुए कहा और दरवाजे की तरफ बढ़ गया। *

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.नीचे बाईं तरफ ऊंट और शेर के आगे कछुआ है। 2.रस्सी से लटक रहे बंदर का बायां हाथ हाथी के कान को छू रहा है। 3.हाथी की गर्दन पर बैठा सांप गायब है। 4.हाथी की पीठ पर चिड़िया बैठी हुई है। 5.पीछे, जिराफ और हाथी के बीच से पेड़ गायब है।

## सही रास्ता बताओ

बच्चों, सोनू, मोनू, नव्या और नैंसी बस से ट्रिप पर जाने वाले हैं। लेकिन बस स्टैंड तक पहुंचने का रास्ता बहुत ही टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम जरा इन्हें बस स्टैंड पहुंचने में मदद तो करो ताकि ये बच्चे समय पर बस स्टैंड पहुंचकर अपनी बस पकड़ सकें।



## एक जैसे दो चित्र ढूंढ़ों

बच्चों, यहां कई सारे बच्चों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। बाकी चित्रों में कोई-न-कोई अंतर जरूर है। तुम एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों को पहचान कर, उसको पेंसिल से गोलाकार घेर दो।



# रहेजा ग्रुप के प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग 'रहेजा निर्वाणा फेज-3' की लांचिंग आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रहेजा ग्रुप के प्रीमियम आवासीय प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा निर्वाणा फेज-3' की लांचिंग आज कचना में की जाएगी। इस अवसर पर तीन दिवसीय लांचिंग प्रोग्राम में साइट विजिट, स्पॉट बुकिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस प्रोजेक्ट का खास आकर्षण है इसका मिनी वाटर पार्क है, जो कि रायपुर के किसी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में पहली बार प्रस्तुत किया जा रहा है। रहेजा ग्रुप द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट सभी आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए प्राइम लोकेशन पर प्रीमियम सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट के नजदीक मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल्स, स्कूल, मॉल, एडवेंचर पार्क जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। इसके अलावा एयरपोर्ट, नेशनल हाईवे, नया रायपुर और विधानसभा रोड से शानदार कनेक्टिविटी के कारण यह प्रोजेक्ट निवेश के लिए आकर्षक विकल्प बन गया है।

■ पहली बार रायपुर के किसी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में मिनी वाटर पार्क की सुविधा

### प्रोजेक्ट रेरा से रजिस्टर्ड

यह प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर्ड और सभी शासकीय मानदंडों से अप्रूव्ड है। प्रोजेक्ट में श्री राम मंदिर का भी निर्माण किया गया है। फेज-3 की लांचिंग के दिन राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी रखा गया है।

### सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा ने कहा कि 'रहेजा निर्वाणा-3' में आधुनिक सुविधाओं के साथ स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता का संतुलन बनाया गया है। यह प्रोजेक्ट लोगों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यहां शानदार लैंडस्केप गार्डन्स, क्लब हाउस, स्पोर्ट्स फैसिलिटीज, जिम, योगा गार्डन, किड्स प्ले एरिया, स्विमिंग पूल, बास्केटबॉल कोर्ट जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## बिजनेस साइट

# फॉर्च्यून सुपोषण ने जीता इंडियन सीएसआर पुरस्कार

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी खाद्य और एफएमसीजी कंपनियों में से एक अदाणी विल्मर लिमिटेड ने नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कार 2024 में अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, फॉर्च्यून सुपोषण के लिए 'वर्ष 2024 की सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण बाल स्वास्थ्य सेवा पहल' का पुरस्कार जीता है। यह सम्मान ग्रामीण भारत में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए इस परियोजना के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता प्रदान करता है, जिसमें विशेष रूप से बच्चों, किशोरियों और प्रजनन क्षमता वाली महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।



■ सुपोषण संगिनियों ने 20 लाख लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला

अदाणी विल्मर लिमिटेड के एमडी-सीईओ अंग्शु मलिक ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे द्वारा जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण संबंधी परिणामों को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। फॉर्च्यून सुपोषण कार्यक्रम की सफलता में सबसे महत्वपूर्ण योगदान सुपोषण संगिनियों का है। ये स्थानीय स्वयंसेवक हैं जो ग्राम स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जागरूकता प्रदान करते हैं और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम ने 14 राज्यों में 36 से अधिक स्थानों पर विस्तार किया है, 1940 गांवों और झुग्गियों में अपने कार्यों का प्रभाव फैलाया है और 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

# भारत में निवेश करना लाभदायक, रूसी कंपनियां कारखाने लगाने को तैयार : पुतिन

एजेंसी ▶▶| मॉस्को/ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'मेक इन इंडिया' पहल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा है कि रूसी कंपनियां भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि वहां निवेश करना लाभदायक है।, तिन ने बुधवार को मॉस्को में 15वें वीटीबी निवेश मंच को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश जुटाने के लिए शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।

### विनिर्माण व नवाचार को बढ़ावा मिला

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने 25 सितंबर, 2014 को इस पहल की शुरुआत की थी। पिछले 10 वर्षों में इस पहल के तहत स्थानीय विनिर्माण एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।



### भारत में निवेश लाभदायक

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, /"भारत के प्रधानमंत्री और भारत सरकार स्थिर स्थितियां बना रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय नेतृत्व भारत को पहले रखने की नीति पर चल रहा है और हमारा मानना है कि भारत में निवेश लाभदायक है।/"

### 'मेक इन इंडिया' रूसी कार्यक्रम से काफी मिलता जुलता

पुतिन ने रूस में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए संचालित 'आयात प्रतिस्थापन कार्यक्रम' को 'मेक इन इंडिया' के समान बताते हुए कहा कि भारत का नेतृत्व अपने हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर केंद्रित है। पुतिन ने कहा, /"प्रधानमंत्री मोदी का भी ऐसा ही एक कार्यक्रम 'मेक इन इंडिया' है। यह हमारे कार्यक्रम से बहुत मिलता-जुलता है।/"

# राजधानी रायपुर में 14 प्रतिशत बढ़ी आवास की कीमतें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस वर्ष जनवरी-सितंबर के दौरान 23 मझोले शहरों में शुरू की गई आवासीय परियोजनाओं की कीमत में 65 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई, जबकि पांच शहरों में दरों में गिरावट आई है। ऑनलाइन रियल एस्टेट आंकड़ों तथा विश्लेषण से जुड़े मंच प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान पेश की गईं आवासीय परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आवास की कीमतों में 14 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

■ ऑनलाइन रियल एस्टेट रिसर्च फर्म प्रॉपइक्विटी ने जारी की रिपोर्ट

### आगरा में 59 प्रतिशत वृद्धि देखी गई

